# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 12.07.2024**

**थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत हुई मोटरसाइकिल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट की घटना में शामिल 02 लुटेरे पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार मय जिन्दा व खोखा कारतूस एवं लूटी हुई मोटर साइकिल बरामदः-**

दिनांक 02.07.2024 की रात्रि को वादी श्री कासिम पुत्र जैनीदीन निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली अपनी मोटरसाइकिल से अपने लड़के को छोड़ने शामली आ रहे थे। शामली से वापस घर जाते समय सेहटा बाईपास पुल के पास 02 अज्ञात बाईक सवार बदमाशों द्वारा मोटरसाइकिल छीन भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दाखिल की गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। थाना आदर्शमण्डी पुलिस एवं गठित टीमों द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये घटनास्थल के आसपास जानकारी करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये गये तथा साक्ष्यों के आधार पर लगातार अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 12.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत हुई मोटर साइकिल लूट की घटना में शामिल अभियुक्तगण के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत हुई मोटर साइकिल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट की घटना में शामिल 02 लुटेरों को कस्बा बनत के जंगल में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है, एक लुटेरा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायल हो गया तथा एक लुटेरे को गिरफ्तार किया गया है। घायल को उपचार हेतु सीएचसी शामली भेजा गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे 02 अवैध हथियार मय 01 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर एवं लूटी हुई मोटर साइकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.अमित उर्फ सन्नी पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम आदमपुर थाना बाबरी जनपद शामली (घायल)।

2.नितिन उर्फ निक्की पुत्र अरूण कुमार निवासी ग्राम आदमपुर थाना बाबरी जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.लूटी हुई मोटर साइकिल स्प्लेंडर रजि नं0 UP19E7161 ।

2.अवैध 02 तमंचे 315 बोर मय 01 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अमित उर्फ सन्नी उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 08/2020 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 09/2021 धारा 380/411/457/506 भादवि बाबरी जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 10/2021 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना बाबरी जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 78/2023 धारा 380/411/465 भादवि थाना बाबरी जनपद शामली।

5.मु0अ0सं0 079/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बाबरी जनपद शामली।

6.मु0अ0सं0 249/2019 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

7.मु0अ0सं0 314/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

8.मु0अ0सं0 405/2019 धारा 394/411 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

9.मु0अ0सं0 433/2019 धारा 307/411/465 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

10.मु0अ0सं0 435/2019 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

11.मु0अ0सं0 437/2019 धारा 414 भादवि व 102/41 द0प्र०सं० थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

12.मु0अ0सं0 1234/2019 धारा 2/3 उ०प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

13. मु0अ0सं0 1592/2018 धारा 392 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

14.मु0अ0सं0 117/2024 धारा 309 (4) बीएनएस एक्ट थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सचिन शर्मा थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री बन्टी सिंह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

4.उ0नि0 श्री ब्रजपाल सिंह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

5.हे0का0 विनीत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

6.हे0का0 जहीन अख्तर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

7.हे0का0 सतीश कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

8.का0 अशोक कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

9.का0 आकाश कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

10.का0 अनुज कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।





**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामदः-</u>**

ज्ञात हो दिनाँक 12.07.2024 को श्री चाँदवीर पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह निवासी गौशाला रोड़ थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की दुकान से अभियुक्त द्वारा सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 12.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी के सामान (04 बण्डल पाईप, 01 पाईप का टुकड़ा) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.शुभम पुत्र यशपाल निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी किया हुआ सामान (04 बण्डल पाईप, 01 पाईप का टुकड़ा)।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री रणवीर सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.हे0का0 मनीष कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 13.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी आदर्श मण्डी के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा नाबालिग से घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 11.07.2024 को थाना आदर्श मण्डी क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना आदर्श मण्डी शामली पर नामजद लिखित तहरीर दी थी। पीडिता के परिजनो की तहरीर के आधार पर थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना आदर्श मण्डी को निर्देशित किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.रविन्द्र पुत्र ब्रह्मपाल निवासी ग्राम मुण्डेट खुर्द थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.श्री सचिन शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.है0का0 विकास चपराणा थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.का0 राहुल कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।



**<u>थाना कैराना/बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 13.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना/बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कैराना/बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.साबिर पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला पीरजादगान थाना कैराना जनपद शामली।

2.सोमपाल पुत्र खेमचन्द निवासी ग्राम कुरमाली थाना बाबरी जनपद शामली।

3.बिट्टू पुत्र मुख्तयारा निवासी ग्राम बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली।

 

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**